Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government for the strict implementation of Law and Order in Rajasthan to stop cases of rape, murder and illegal activities.

श्री राहुल कस्वां: अध्यक्ष जी, मैं राजस्थान में बिगड़ती हुई कानून-व्यवस्था के बारे में कुछ बोलना चाहता हूं । सर, देश भर में प्रतिदिन बलात्कार जैसे अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है । आज आम जन इन घटनाओं से पुलिस एवं प्रशासन पर अपना विश्वास खो बैठे हैं ।…(व्यवधान) हैदराबाद की जो दुर्घटना घटी है, सबने निन्दा की और पूरे देश में उसके प्रति रोष भी है । …(व्यवधान) राजस्थान में टोंक जिले में छ: साल की बच्ची के साथ रेप हुआ और रेपिस्ट ने बेल्ट से बच्ची का गला दबाकर हत्या कर दी । …(व्यवधान) दो दिन पहले ही मेरे लोक सभा क्षेत्र चुरू में बानीपुरा थाने के अंदर …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप उधर मत देखो, आप बोलते रहो ।

श्री राहुल कस्वां : अध्यक्ष जी, बानीपुरा थाने के अंदर चार साल की बच्ची का रेप हुआ । उस बच्ची की हत्या कर दी गई । 24 नवम्बर को सिधमुख के अंदर तीन जवान लड़कों की मृत्यु रोड एक्सीडेंट में हो जाती है, उनके परिजन पुलिस थाने के अंदर गुहार लगाते रहे, लेकिन उस गाड़ी को पकड़ने का काम पुलिस ने नहीं किया । एसपी के आगे पेश होने के पश्चात् एफआईआर दर्ज हो सकी । राजस्थान में पिछले एक साल के अंदर कानून की व्यवस्था बिगड़ी है । मेरा चुरू जिला बॉर्डर का इलाका है, वहां हमेशा शराब एवं अन्य चीजों की तस्करी होती रहती है । पुलिस की मिलीभगत से ये सब काम होते हैं । लोगों में प्रशासन पर से विश्वास पूरी तरह उठ चुका है । ब्लाइंड मर्डर्स इतने हो गए हैं कि लोग हरियाणा से चलकर या बॉर्डर इलाके से चलकर आते हैं और मर्डर करके भाग जाते हैं । …(व्यवधान) सर, एक मिनट मेरी बात सुनें । कल ही जोधपुर के अंदर पुलिस ने एंटी करप्शन के चार पुलिस कर्मियों को 25 लाख रुपये की अफीम के मैटर को

सुलझाने का मैटर पकड़ा है । ...(व्यवधान) सर, आज के पेपर में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट है । ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री दुष्यंत सिंह एवं श्री सुधीर गुप्ता को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।